फोन नं0 05523–222336
फैक्स नं0 05523–222336
E-Mail ID:- eecdmaharajganj123@gmail.com

# कार्यालय,
## अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
## महराजगंज

पत्रांकः 1687 / नोविद–41 / 39 दिनांकः 22 / 07 / 2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।


विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन योजना अधूरी, शुद्ध पानी की समस्या, फरेंदा के निरनाम पूर्वी में 2.69 करोड़ की परियोजना अटकी" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार में दिनांक 20.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशन योजना अधूरी, शुद्ध पानी की समस्या, फरेंदा के निरनाम पूर्वी में 2.69 करोड़ की परियोजना अटकी"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विकास खण्ड फरेन्दा के ग्राम निरनाम पूर्वी में पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा योजना पर नलकूप 100%, पम्प हाउस 90%, शिरोपरि जलाशय 30%, बाउन्ड्रीवाल 100%, पाइप लाइन 90%, गृह संयोजन 90%, सोलर पैनल 25%, एवं रोड रेस्टोरेशन 80%, तक का निर्माण कार्य कराते हुये डायरेक्ट डी0जी0 द्वारा पाइप लाइनों के टेस्टिंग कार्य कराया गया है। योजना के अवशेष कार्यो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराकर जलापूर्ति हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।







सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैवः–

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स रिथविक–कोया (जे0वी0) महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष अन्य तत्सम्बन्धी कार्यो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

27 (S.K.) Paper Cutting- 2025

Scanned with OKEN Scanner

फोन न0 05523–222336
फैक्स न0 05523–222336
E-Mail ID:- eecdmaharajganj123@gmail.com

# कार्यालय,
## अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
## महराजगंज

पत्रांक: 1687/निविदा-41 /39 दिनांक: 22/07/2026

सेवा में,


अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– दैनिक भास्कर समाचार पत्र में प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन योजना अधूरी, शुद्ध पानी की समस्या, फरेंदा के निरनाम पूर्वी में 2.69 करोड़ की परियोजना अटकी" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार में दिनांक 20.07.2026 को प्रकाशित शीर्षक **"जल जीवन मिशन योजना अधूरी, शुद्ध पानी की समस्या, फरेंदा के निरनाम पूर्वी में 2.69 करोड़ की परियोजना अटकी"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विकास खण्ड फरेन्दा के ग्राम निरनाम पूर्वी में पेयजल योजना का निर्माण कार्य प्रगति पर है। फर्म द्वारा योजना पर नलकूप 100%, पम्प हाउस 90%, शिरोपरि जलाशय 30%, बाउन्ड्रीवाल 100%, पाइप लाइन 90%, गृह संयोजन 90%, सोलर पैनल 25%, एवं रोड रेस्टोरेशन 80%, तक का निर्माण कार्य कराते हुये डायरेक्ट डी0जी0 द्वारा पाइप लाइनों के टेस्टिंग कार्य कराया गया है। योजना के अवशेष कार्यो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराकर जलापूर्ति हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है।







सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय
/
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक तदैवः–

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
4. प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स रिथविक–कोया (जे0वी0) महराजगंज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि योजना के अवशेष अन्य तत्सम्बन्धी कार्यो को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराकर जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

27 (S.K.) Paper Cutting 2025

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन योजना अधूरी, शुद्ध पानी की समस्या:फरेंदा के निरनाम पूर्वी में 2.69 करोड़ की परियोजना अटकी






महाराजगंज के फरेंदा विकासखंड स्थित निरनाम पूर्वी ग्रामसभा में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत पेयजल परियोजना अधूरी पड़ी है। 13 अप्रैल 2023 को स्वीकृत हुई इस योजना का लक्ष्य 18 माह में 269.36 लाख रुपये की लागत से पानी की टंकी बनाकर घर-घर पेयजल पहुंचाना था। अक्टूबर 2024 की निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी परियोजना का कार्य पूरा नहीं हो सका है, जिससे ग्रामीण शुद्ध पानी के लिए परेशान हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि परियोजना से सात हजार से अधिक आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद थी। हालांकि, निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य रुका हुआ है। कई क्षेत्रों में नल-कूप सूख गए हैं, और लोगों को पीने के पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

ग्रामीण जावेद ने अपनी समस्या बताते हुए कहा, "हमें रोज पानी के लिए भटकना पड़ता है, बच्चे और बुजुर्ग परेशान हैं।" मुन्नी लाल, राम सुमेर, प्रहलाद, कृष्ण, मुरारी और जगदीश सहित अन्य ग्रामीणों ने भी इस मामले में राज्य और केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की अपील की है।

ग्रामवासी आरोप लगा रहे हैं कि परियोजना में भारी राशि खर्च होने के बावजूद काम रुकने के पीछे भ्रष्टाचार या ठेकेदार की लापरवाही हो सकती है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने भुगतान ले लिया और काम बंद कर दिया, जबकि अन्य का मानना है कि सरकारी अनियमितताओं और कमीशन के कारण ठेका अटका हुआ है। प्रशासन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी न मिलने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

स्थानीय प्रधान या संबंधित विभाग ने इस मामले पर अभी तक कोई ठोस बयान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि शेष राशि की पारदर्शिता के साथ जांच कराई जाए, निर्माण कार्य शीघ्र पुनः शुरू किया जाए और परियोजना पूरी होने की नई समय सीमा सार्वजनिक की जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का तत्काल समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। परियोजना अधिकारी उदयपाल ने देरी का कारण ठेकेदारों को बताया है

Scanned with OKEN Scanner